Fifteenth Loksabha

Session : 2
Date : 20-07-2009
Participants : Laguri Shri Yashbant Narayan Singh

>

Title : Need to upgrade N.H. 75 & N.H. 215 passing through Keonjhar Parliamentary Constituency, Orissa as per the specified norms.

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): नियम 377 के माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र से निकलने वाले दो राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 215 जो पानीकुईली से राजामुंडा तक जाता है, इसको 1996 से राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की घो ाणा की गई थी, परन्तु लगता नहीं है कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग होगा। पिछले साल इसे चार लेन में किये जाने की घोषणा की गई थी, परन्तु आज तक इस पर काम नहीं हुआ है। दूसरा राष्ट्रीय राजमार्ग 75 है, जो परसला से रांची तक जाता है, जिसको राष्ट्रीय राजमार्ग कह ही नहीं सकते हैं। केवल पिल्लर पर ही राष्ट्रीय राजमार्ग 75 लिखा हुआ है। केवल पिल्लर पर लिखने से राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं हो जाता है, उसके लिए इसे राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जाये एवं इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग जैसी सुविधाएं होनी चाहिए। अगर इसी क्षेत्र के तिरंगा से जसीपुर के राजमार्ग वाया चम्पूआ होते हुए वासुदेव पुर जुड़ जाये तो यह राष्ट्रीय राजमार्ग 6 कोलकाता-मुम्बई से जुड़ जायेगा और बडबिल से कोलकाता के बीच की दूरी 65 किलोमीटर कम हो जायेगी।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य को जनहित में करवाने हेतु निर्देशित किया जाये।